सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-386
01/09/2017

ग्रामीण कार्य मंत्री, बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया अंशदान

पटना 01 सितम्बर, 2017 :– आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार ने अपनी तरफ से एक लाख एक हजार रूपये तथा ग्रामीण कार्य विभाग की तरफ से 15 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन तथा बिहार स्टील मैन्युफैक्चिरिंग एसोसिएशन ने 25 लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा। इसके अलावा हरनौत के श्री संजय कांत सिन्हा ने 51 हजार रूपये, श्रीमती सुहेली मेहता ने 51 हजार रूपये तथा अध्यक्ष बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 हरपाल कौर ने एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बॅटाना चाहिये।

******